(c). The ex-factory prices of popular brands of H.M.T. hand-wound watches are given below:—

| Model | Ex-factory price (Rs.) |
|---|---|
| 1. Jawahar . . . . | 180 |
| 2. Sona/Priya . . . | 175 |
| 3. Pilot . . . . | 170 |
| 4. Chinar . . . . | 152 |
| 5. Nishat . . . . | 166 |
| 6. Janta . . | 140 |
| 7. Nutan . | 170 |
| 8. Rakhi . . . . | 215 |
| 9. Avinash . . . . | 205 |
| 10. Ajeeth/Roopa/Vijay . | 210 |
| 11. Asha . . . . | 215 |
| 12. Kohinoor . . . | 220 |
| 13. Supriya | [illegible] |

## फास्ट ब्रीडर रिएक्टर

1280. श्री नटवर लाल बी० परमार : क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन मे वृद्धि करने की दृष्टि से 'फास्ट ब्रीडर रिऐक्टर' के निर्माण हेतु तकनीकी जानकारी के विकास के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : देश के परमाणु बिजली कार्यक्रम के संवर्धन के लिए फास्ट ब्रीडर रिएक्टरो से सम्बद्ध तकनीकी जानकारी का विकास करने की दिशा मे पहले कदम के रूप मे, मद्रास के समीप कल्पक्कम नामक स्थान पर, अन्य प्रयोगशालाओ के साथ-साथ जो सोडियम प्रौद्योगिकी, ईंधन पुनर्संसाधन, सामग्रियो के चुनाव आदि के बारे मे अनुसंधान एवं विकास कार्य करने की सुविधायें प्रदान करती है, एक फास्ट ब्रीडर टैस्ट रिएक्टर बनाया जा रहा है, जिसकी क्षमता लगभग 45 मेगावाट थर्मल तथा 15 मेगावाट इलैक्ट्रान होगी । इस रिएक्टर के निर्माण के लिए आवश्यक मशविरा फ्रांस के परमाणु ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है तथा कुछ क्रान्तिक संघटकों के निर्माण के लिए अपेक्षित तकनीकी जानकारी फ्रांसीसी उद्योगो से ली गई है ।

## नैनीताल पेपर मिल्स की स्थापना

1281 श्री नवाब सिंह चौहान : क्या उद्योग मंत्री 27 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न सं० 4975 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नैनीताल के निकट पहाडी क्षेत्र मे नेशनल पेपर मिल्स लि० कब तक अपने कारखाने की स्थापना करेगा,

(ख) सरकार द्वारा उन्हे किस प्रकार की सुविधाये उपलब्ध की गई है, और

(ग) ऐसे उद्योगो को बढ़ावा देने की सरकारी नीति का ब्योरा क्या है ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडिस) (क) से (ग). नैनीताल पेपर मिल्स लिमिटेड को भूमि आवंटित हो गई है अब उसने कच्चे माल के सभरण के लिये प्रबन्ध कर लिया है । एक सम्भाव्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है और समझा जाता है कि मशीनें और उपकरण प्राप्त किये जाने के लिये भी व्यवस्था की जा रही है । अभी यह नही बताया जा सकता कि योजना कब से लागू की जा सकेगी । कागज उद्योग मे नयी क्षमता स्थापित करने के लिये लाइसेंस दिये जाने के बारे मे सरकार एक उदार नीति अपना रही है । राज्य सरकार राज्य मे विशेष रूप से पिछडे क्षेत्रो म उद्योगो को बढ़ावा देने के लिये अवस्थापना सुविधाओं के लिये भी व्यवस्था कर रही है ।